C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:32 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 72 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 3 सितम्बर 2025

शिल्पा शेट्टी का रेस्तरां बंद...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गणेश विसर्जन के दौरान गंगा की तेज धारा में बहा युवक

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में मंगलवार देर रात गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। राजघाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक गंगा की तेज धारा में बह गया। देखते ही देखते वहां मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। अंधेरा होने के कारण देर रात तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। आज फिर से सर्च अभियान शुरू किया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात संदेश नगर, परमधाम आश्रम के पास रहने वाले निखिल गुप्ता(38) गणेश विसर्जन में शामिल हुए थे। राजघाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक गंगा की धारा में बह गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अंधेरा होने की वजह से वह कुछ ही मिनटों में वह आंखों से ओझल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और रातभर सर्च अभियान चलाया। इंस्पेक्टर चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि गोताखोर लगातार युवक की तलाश कर रहे हैं।

### कोसी नदी में सिल्ट आने से पंपिंग ठप, आज बाधित रहेगी जलापूर्ति

**अल्मोड़ा।** कोसी नदी में सिल्ट आने से वहां स्थापित तीनों पंपों का संचालन ठप हो गया है। इससे नगर क्षेत्रों के जलाशयों के लिए पंपिंग नहीं हो पाई। इससे बुधवार को नगर व इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। मंगलवार देर शाम कोसी और आसपास के क्षेत्रों में हुई भारी बारिश से कोसी में काफी सिल्ट आ गई। इससे शाम साढ़े पांच बजे से कोसी नदी में स्थापित तीनों पंपों ने काम करना बंद कर दिया। इससे नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित जलाशयों के लिए पेयजल पंपिंग नहीं हो पाई। इससे बुधवार की सुबह और शाम की शिफ्ट में नगर व इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। जल संस्थान के जेई अर्जुन नेगी ने बताया कि बैराज में पानी भरने और सिल्ट आने से पंपिंग नहीं हो पाई। इससे नगर के जलाशयों को पानी सप्लाई नहीं हुआ।

## आज भी भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी, पांच जिलों में स्कूलों की छुट्टी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

आज कई जिलों में कई दौर की बारिश देखने को मिल सकती है। चमोली, चंपावत, नैनीताल समेत पांच जिलों में आज छुट्टी घोषित कर दी गई है।

प्रदेश के देहरादून, नैनीताल, चंपावत और ऊधम सिंह नगर आदि जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक इन जिलों में भारी से भारी बारिश के आसार हैं। चमोली, चंपावत, नैनीताल समेत पांच जिलों में आज छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, प्रदेश के शेष जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानी रोहित थपलियाल के मुताबिक आज इन जिलों में कई दौर की बारिश देखने को मिल सकती है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। आने वाले दिनों में भी लगातार बारिश के आसार हैं। प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 486 सड़कें बंद हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग के तहत आठ राष्ट्रीय राजमार्ग, 35 राज्य मार्ग, 21 मुख्य जिला मार्ग, आठ अन्य जिला मार्ग और 127 ग्रामीण मार्ग भी शामिल हैं। इन सड़कों सहित जिलेवार पौड़ी में 67, टिहरी में 34, चमोली में 59, रुद्रप्रयाग में 51, उत्तरकाशी में 63, देहरादून में 35, हरिद्वार में नौ, पिथौरागढ़ में 48, चंपावत में 12, अल्मोड़ा में 63, बागेश्वर में 15, नैनीताल में 28 और ऊधमसिंह नगर जिले में दो सड़कें बंद हैं।



अमेरिकी टैरिफ के बीच पुतिन का भारत को तोहफा

## तेल पर और ज्यादा रियायत और एस-400 की सप्लाई बढ़ाएगा रूस

**नई दिल्ली**

एजेंसी

सितंबर माह में भारत द्वारा खरीदे गए रूसी कच्चे तेल में अगस्त के मुकाबले 10-20 प्रतिशत का उछाल आया था यानी कि भारत ने रूस से 1.50 लाख से 3 लाख बैरल की अतिरिक्त खरीद की थी। अब और छूट मिलने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

भारत द्वारा रूस से खरीदे जा रहे कच्चे तेल पर जल्द ही और ज्यादा रियायत मिल सकती है। साथ ही भारत और रूस से और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी मिल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ दबाव बनाने के बीच ये रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत के लिए तोहफा माना जा रहा है। भारत पहले ही रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा है और अब और ज्यादा डिस्काउंट मिलने से भारत का काफी पैसा बचेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूराल क्रूड की कीमत अब ब्रेंट क्रूड की तुलना में 3-4 डॉलर प्रति बैरल कम हो सकती है। सितंबर के अंत में और अक्तूबर माह में इस छूट का लाभ मिल सकता है। बीते हफ्ते यह छूट 2.50 डॉलर प्रति बैरल थी और जुलाई माह में यह 1 डॉलर प्रति बैरल थी।



बीते महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिनमें से 25 प्रतिशत टैरिफ रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए लगाया गया था। अमेरिका का आरोप है कि भारत के रूस से कच्चा तेल खरीदने से यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। टैरिफ से भारत पर आर्थिक दबाव पड़ा है, लेकिन अब अगर रूस से कच्चे तेल पर और ज्यादा रियायत मिलती है तो यकीनन इससे भारत पर पड़ रहा आर्थिक दबाव कुछ हद तक कम होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सितंबर माह में भारत द्वारा खरीदे गए रूसी कच्चे तेल में अगस्त के मुकाबले 10-20 प्रतिशत का उछाल आया था यानी कि भारत ने रूस से 1.50 लाख से 3 लाख बैरल की अतिरिक्त खरीद की थी। अब और छूट मिलने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

## महिला अपनी 10 वर्षीय बेटी को लेकर अपने पति के दोस्त के साथ फुर्र

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एक महिला अपनी 10 वर्षीय बेटी को लेकर अपने पति के दोस्त के साथ फुर्र होने का मामला प्रकाश में आया है। पति ने पुलिस से पत्नी की ढूंढ खोज की गुहार लगाते हुए दोनों को सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला व उसकी पुत्री की तलाश शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार राजपुरा की रहने वाली 40 वर्षीय महिला 10 साल की बेटी को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई.पीड़ित पति को अपने जिगरी दोस्त पर शक है।

पत्नी को बेटी के साथ फरार होने से बेटी की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, महिला का एक 13 साल का बेटा है जिसे पति के पास छोड़ कर गई है। एक मजदूर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह बीते पांच महीने से किराए के कमरे में रह रहा है. उसकी 40 साल की पत्नी और 10 साल की बेटी 28 जून से लापता हैं वह मजदूरी करता है, जबकि पत्नी नैनीताल रोड स्थित एक होटल में काम करती थी. 28 जून को वह बेटी के साथ रोज की तरह काम पर निकली लेकिन वापस नहीं लौटी.पीड़ित ने पत्नी और बेटी को कई जगह पर खोजने की कोशिश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया आखिर में हार थक कर उसकी शिकायत पुलिस में की है जिसके बाद पुलिस ने पत्नी व बेटी की गुमशुदगी दर्ज कर दी है।



इधर, पीड़ित का कहना है कि उसे अपने जिगरी दोस्त पर शक है जिसने उसकी पत्नी और बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है, हालांकि पुलिस को दी लिखित शिकायत में पीड़ित ने पुलिस को यह नहीं बताया है। लापता मां-बेटी अंतिम बार रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी में दिखाई दिए थे। जो कि टैंपो में सवार होकर वहां पहुंचे थे।

पुलिस वादी की शिकायत पर उसकी पत्नी व बेटी को ढूंढा जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लापता मां-बेटी अंतिम बार रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी में दिखाई दिए थे जो कि टैंपो में सवार होकर वहां पहुंचे थे।

## सार्वजनिक निकाय और उपक्रम कर्मचारियों को धामी सरकार का तोहफा, महंगाई भत्ता बढ़ाया

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचवें वेतनमान के तहत सार्वजनिक निकाय, उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ने का अनुमोदन दिया है।

धामी सरकार ने सार्वजनिक निकायों, उपक्रमों में पांचवें और छठे केंद्रीय वेतनमान के तहत सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचवें वेतनमान के तहत सार्वजनिक निकाय, उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए एक जनवरी से महंगाई भत्ते की मौजूदा दर 455 प्रतिशत से बढ़ाकर 466 प्रतिशत करने, छठे वेतनमान के तहत एक जनवरी से महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत करने का अनुमोदन दिया है।

दूसरी ओर, सीएम धामी ने निर्माणाधीन जिला कारागार पिथौरागढ़ में अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 417.72 लाख, उपकारागार रुड़की में नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 251.49 लाख, धारचूला विस में रालम के तहत किलातम में चैकडैम निर्माण के लिए 95.49 लाख, चंपावत विस क्षेत्र में हनुमान मंदिर मेला स्थल लधौली ऐडी मेला स्थल, कालूखाण व फुटलिंग कालूखाण के सौंदर्यीकरण के लिए 81.50 लाख रुपये की स्वीकृति दी है।

## मालिकाना अधिकार को 17 वें दिन भी बागजाला में जारी रहा धरना

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 17 वें दिन भी जारी रहा।

समर्थन में बिंदुखत्ता से पहुंचे वरिष्ठ किसान नेता पुष्कर दुबड़िया ने कहा कि, भाजपा की यह सरकार जनता के मुद्दों से मुंह चुरा रही है, इसलिए इस बहरी सरकार को जगाने के लिए जोर से बोलना जरूरी है।

किशन सिंह बघरी ने कहा कि, नैनीताल जिले में भूमि के मालिकाना अधिकार से वंचित लोगों की आबादी हजारों में है। अपने अधिकार के लिए सभी भूमिहीनों को एक मंच पर आना होगा।




किसान नेता गोविन्द सिंह जीना ने कहा कि, जो लड़ने को तैयार नहीं, जो मरने को तैयार नहीं, उसका कोई इतिहास नहीं इसलिए संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है।

नैन सिंह कोरंगा ने कहा कि, बिंदुखत्ता हो या बागजाला आज तक जो भी जीत हासिल हुई है वो आंदोलन के बल पर हुई है और आगे भी लड़ाइयां आंदोलन के बल पर जीती जाएंगी।

17 वें दिन के धरने में आनन्द सिंह नेगी, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, गोविन्द सिंह जीना, नैन सिंह कोरंगा, डा उर्मिला रैस्वाल, विमला देवी, हेमा देवी, प्रेम सिंह नयाल, डा कैलाश पाण्डेय, हरक सिंह बिष्ट, ऋषि मटियाली, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, हेमा देवी, भगवती गोस्वामी, हरि गिरी, सोहन लाल, पारवती, नसीम, मो यासीन, गणेश राम आर्य, चन्दन सिंह मटियाली, भोला सिंह, मोहन लाल, दीपा देवी, लक्ष्मी, तुलसी देवी, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, अम्बा दत्त, प्रताप सिंह रावत, दौलत सिंह कुंजवाल, पुष्पा, बैजन्ती, नन्दी, चंपा, नीमा, हेमा, सरोज, बबली, सुनीता, दुर्गा देवी, बिपिन कुमार टम्टा, इलियास, मारूफ अली, रेखा, जानकी, सलमा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। धरना जारी है।

# गौला के रौद्र रूप से ग्रामीणों में दहशत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इन दिनों भारी बारिश की चपेट में है। खासकर कुमाऊं मंडल में बीते दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण हालात बेहद खराब हो गए हैं। लगातार बारिश के चलते नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिससे कई इलाकों में स्थिति चिंताजनक हो गई है।

नैनीताल जिले के रामनगर तहसील से लगभग 24 किलोमीटर दूर स्थित चुकुम गांव इस समय कोसी नदी की तबाही का शिकार बना हुआ है। मंगलवार को नदी के तेज बहाव ने गांव की ओर कटान शुरू कर दी, जिससे दो मकान और एक गौशाला बहकर नदी में समा गए पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते सिंचाई विभाग को काठगोदाम बैराज से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ना पड़ा। इसके चलते कुमाऊं की सबसे बड़ी गौला नदी उफान पर आ गई है। इसका सबसे ज्यादा असर बिन्दुखत्ता और उधम सिंह नगर के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है, जहां नदी का तेज बहाव लगातार भू-कटाव कर रहा है। गौला नदी ने अपना रुख गांव की ओर मोड़ लिया है, जिससे बिन्दुखत्ता क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। सबसे अधिक क्षति इंदिरा नगर इलाके में हुई है, जहां नदी ने बड़ी मात्रा में कृषि भूमि निगल ली है और आधा दर्जन से ज्यादा मकान इसकी चपेट में आ चुके हैं। जिला प्रशासन ने एहतियातन घरों को खाली करवा दिया है। मजबूरी में कई लोग खुद ही अपने घरों को तोड़कर जरूरी सामान और ईंटें निकाल रहे हैं।गौला नदी के अलावा भाखड़ा नदी भी इस वक्त विकराल रूप धारण किए हुए है, जिससे आसपास के इलाकों में जबरदस्त भू-कटाव हो रहा है। वहीं कोसी नदी ने भी रामनगर तहसील के चुकुम गांव में तबाही मचाई है। मंगलवार को दो मकानों और एक गौशाला के बह जाने की घटना ने गांव वालों को दहशत में डाल दिया है।





## 424वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष/ राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 424वें दिन भी जारी रहा।

बता दें मंगलवार को अभियान के 424वें दिन डीडीहाट में आरसीसी कंपनी के निदेशक व सामाजिक कार्यकर्ता पंकज चुफाल ने अपने जन्मदिन पर महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अभियान को सहयोग देते हुए पौधारोपण किया। पंकज चुफ ाल ने कहा कि वह अपने हर जन्मदिन पर पौधा रोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ती लीलावती गुरुरानी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए यही प्रकृति की सच्ची पूजा है। कार्यक्रम में पृथ्वीराज चुफ ाल गोल्डी तथा निरंजन चुफ ाल व भोला उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के वाहन के ऊपर गिरा बोल्डर, घायल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी- नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में मंगलवार को दोगांव क्षेत्र में पहाड़ी से बड़ा बोल्डर हरिद्वार के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के वाहन के ऊपर जा गिरा, जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी समेत अन्य लोग घायल हो गए।

अपर जिलाधिकारी विवेक राय के मुताबिक हरिद्वार से नैनीताल हाईकोर्ट काउंटर लगाने अपनी कार से आ रहे स्वास्थ्य विभाग की टीम की गाड़ी पर अचानक बोल्डर गिर गया जिसमें डाकटर समेत दो अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी बेस अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर जिलाधिकारी राय ने बताया कि कार में बैठे डॉ. आर के सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह ऋषिकुल में तैनात डॉ नरेश चौधरी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सुभाष और श्याम कुमार कार में सवार में सवार होकर नैनीताल जा रहे थे।स्वास्थ्य विभाग की यह टीम किसी मामले में नैनीताल हाईकोर्ट काउंटर लगाने जा रही थी इस दौरान काठगोदाम और नैनीताल के बीच कार पर अचानक पहाड़ी से बोल्डर गिर गया।



घटना इतनी खतरनाक थी कि कार के एयर बैग तक खुल गए। हालांकि कार में सवार सभी सुरक्षित रहे। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए बेस अस्पताल हल्द्वानी भर्ती कराया गया। डॉ.आरके सिंह ने बताया कि बेस अस्पताल हल्द्वानी के चिकित्सकों से इस संबंध में वार्ता हुई है, चिकित्सकों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

## NEWS / फटाफट

### छह को जिला पंचायत नैनीताल की पहली बैठक

**नैनीताल ।** जिला पंचायत के अपर मुखय अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि नव गठित जिला पंचायत नैनीताल की पहली बैठक 6 सितंबर (शनिवार) को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक 6 सितंबर (शनिवार) को जिला पंचायत की अध्यक्ष दीपा दर्मवाल की अध्यक्षता में नैनीताल के राज्य अतिथि गृह के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से होगी। उन्होंने सभी जिला पंचायत के सदस्यों समेत सभी आमंत्रित जनों से नियत तिथि व समय पर बैठक में मौजूद रहने की गुजारिश की है। कहा कि बैठक का एजेंडा पूर्ववत रहेगा। कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को भी पूर्ण सूचनाओं के साथ बैठक में मौजूद रहना जरुरी है।

### बीमार बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाया

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल फॉरेस्ट लॉज निवासी एक बीमार बुजुर्ग महिला को जब अस्पताल ले जाने वाला कोई नहीं मिला तो तल्लीताल पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। महिला को अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। बता दें कि नैनीताल पुलिस की ओर से बुजुर्ग नगरिकों की मदद के लिए अभियान चलाया गया है। जिसके तहत पुलिस अपने क्षेत्र में जाकर बुजुर्ग नागरिकों के हाल जानती है साथ ही उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करती है। इसी क्रम में एसओ मनोज नयाल के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस की ओर से एसआई सतीश उपाध्याय व चीता कांस्टेबल राजकुमार कंबोज तल्लीताल क्षेत्र में एक बीमार बुजुर्ग महिला का हाल जानने पहुंचे। बुजुर्ग से बातचीत दौरान महिला बीमार नजर आई। महिला न तो पैदल चल पाने की स्थिति में थी ना ही कोई महिला को अस्पताल ले जाने वाला था। जिस पर महिला ने पुलिस से उसका इलाज कराने की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस की ओर से तुरंत स्ट्रेचर की व्यवस्था कर महिला को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि 79 वर्षीय सीची जोशी को अस्पताल में भर्ती कर उपचार कराया जा रहा है।

### मेला स्थल में लगी दुकानों का जायजा लिया

**नैनीताल ।** नैनीताल में रविवार रात से हो रही लगातार बारिश ने नंदा देवी महोत्सव में दुकान लगाने वालों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। भारी वर्षा के चलते लोगों के मेले में नहीं पहुंचने से दुकानदारों की बिक्री रूक गई है। मेले में लगे वाटर फूप टेंट के अंदर दुकानों में जलभराव होने से कई व्यापारियों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं वहीं तेज हवा से कई दुकाने क्षतिग्रस्त हुई हैं। दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल व मेलाधिकारी नवाजिश खालिक ने भी मेला स्थल में लगी दुकानों का जायजा लिया। बता दें कि शहर में दो दिनों से हो रही बारिश नंदा देवी व्यापारिक मेला स्थल पानी.पानी हो गया। मंगलवार सुबह वर्षा के साथ तेज हवा ने कई अस्थाई दुकाने क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे व्यापारियों में भी अफरा तफरी मची रही। वहीं बारिश के दौरान वाटरप्रूफ टेंट व कैनोपी के भीतर भी जलभराव की समस्या बनी हुई है।

### ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर सौंप मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने सड़क हादसे में अपने पिता की मौत के बाद पुलिस को ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकाम दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में जितेंद्र गोयल पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद गोयल, निवासी बाबा मोहन दास सदन फ्रैंड्स कॉलोनी वार्ड नंबर 58 निकट धान मील ने कहा कि उसके पिता 28-अगस्त की दोपहर अपनी स्कूटी संख्या यूके 06 बी ए -9325 में बैठकर गोल्डन फर्नीचर की तरफ से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे तभी अचानक एक ट्रक जो भी हल्द्वानी की तरफ आ रहा था उसके ड्राईवर ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर प्रार्थी के पिता की स्कूटी पर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी के पिता को गम्भीर चोटें आईं और वे सड़क पर गिर गये। मौके पर लोगों द्वारा प्रार्थी के पिता को ईलाज के लिए तुरन्त घायलावस्था में कृष्णा अस्पताल ले गये जहाँ से उन्हें सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी रैफर कर दिया गया वहाँ पहुँचने पर चिकित्सकों ने बताया कि उनकी मृत्यु हो गई है। उसके बाद प्रार्थी के पिता को अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया जहाँ उनका पोस्टमार्टम हुआ। ट्रक का ड्राईवर मौके से ट्रक छोड़कर भाग गया। ड्राईवर को भागते हुए लोगों ने देखा, सामने आने पर पहचान लेंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## 48 घंटे से बारिश की वजह से जन-जीवन अस्त व्यस्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले में बीते 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश की वजह से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

बारिश की वजह से जगह-जगह पर भूस्खलन होने तथा मलुवा आने तथा बोल्डर गिरने की वजह से लोगों को आने-जाने में कई दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र नैनीताल से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में नैनीताल जिले के 26 मोटर मार्गो में यातायात पूरी तरह से बंद हो गया है हॉलाकि इन बंद मोटर मार्गो को खोलने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**आफत**

- जिले के 26 मोटर मार्गो में यातायात पूरी तरह से बंद

केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक जो मोटर मार्ग बंद पड़े हैं उनमें भुजान-बेतालघाट-गर्जिया, हल्द्वानी-चोरगलियां, चमडिया-लोहाली, पटौली- जोशीखोला, रामनगर- भंडारपानी-बोहराकोट, डालकोट-पांगकटारा-खलाड़, बसगांव-जिनौली-तरी-सकदीना, लक्ष्मीखान-नथुवाखान, घोडिया-हल्सौ, पटौडी-जोशीखोला-हल्दवानी, छिड़ाखान-अधौड़ा-अमजड़, ढोलीगांव-धैना, मोरनोला-भीड़ापानी-थली, पद्मपुरी-सुवाकोट, कवारब मार्ग, देवली-महतोली मोटर मार्ग शामिल हैं।

इसके साथ ही खुजेटी-भोनरा मोटर मार्ग, गर्जिया-बेतालघाट-ओडाखान, भुजियाघाट-सूर्यागांव, अंबेडकर गांव-रिखोली, बजून-अकसू, फ तेहपुर-बेल,काठगोदाम-हैड़ाखान-सिमलिया बैंड, इलाइजर-चमोली, धानाचुली-ओखलकांडा-खनस्यू तथा कोटाबाग-देवीपुरा मोटर मार्ग शामिल हैं।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में चल रही राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के तहत मंगलवार का दूसरा दिन रोमांच और उत्साह से भरा रहा। खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

दिनभर चले मुकाबलों में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा तथा मेहनत और खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। वॉलीबॉल में अंडर 14 में काशीपुर ने मैच जीतकर क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया वहीं अंडर 17 में शंतिपुरी और नैनीताल की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें शंतिपुरी ने मैच जीतकर क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया,वहीं बैडमिंटन में बागेश्वर और पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल के खिलाड़ी ने सटीक शॉट्स और तेज़ सर्विस से दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। अंडर 14 और अंडर 19 में पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल तथा अंडर 17 में बागेश्वर ने बाजी मारी और क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया।



इसी क्रम में विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक उमेश ने कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने खिलाडियों को अनुशासन, मेहनत और एकजुटता को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी।प्रतियोगिता में उपस्थित निर्णायकों ने खिलाडियों के अनुशासन और खेल के स्तर की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार.जीत खेल का हिस्सा है लेकिन असली जीत खेल भावना और निरंतर प्रयास में है। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान उमेश, रविन्द्र रावत, प्रदीप अधिकारी तथा दिलीप एवं अन्य दर्शक गण मौजूद रहे ।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## भविष्य की ऊर्जा

*भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायोगैस, जैव ईंधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। घर-घर सौर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए। भारत प्राकृतिक संपदा से संपन्न देश है। अक्षय ऊर्जा का तात्पर्य है कि इससे स्रोत का क्षय नहीं होता। पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचती है। स्रोत का नवीनीकरण होता रहता है। सौर ऊर्जा के लिए सरकार को घर-घर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कुछ वर्षों से सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़े हैं, परन्तु मंदगति के कारण बिजली के संकट से निजात नहीं मिल रही है।*

भौतिकवाद और आधुनिकता की अंधी दौड़ से मनुष्य ने प्रकृति को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया है। मनुष्य को सभी प्राणियों में सबसे विवेकशील और जागरुक प्राणी माना जाता है। सुविधाभोगी मनुष्य को ऊर्जा की सबसे अधिक जरूरत है। वर्तमान में सर्वाधिक ऊर्जा जिस माध्यम से मिल रही है, उससे पर्यावरण प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, बायोगैस, जैव ईंधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। घर-घर सौर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए। भारत प्राकृतिक संपदा से संपन्न देश है। अक्षय ऊर्जा का तात्पर्य है कि इससे स्रोत का क्षय नहीं होता। पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचती है। स्रोत का नवीनीकरण होता रहता है। सौर ऊर्जा के लिए सरकार को घर-घर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कुछ वर्षों से सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़े हैं, परन्तु मंदगति के कारण बिजली के संकट से निजात नहीं मिल रही है। घरों में सौर पैनल के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई है, परन्तु बिचौलियों के कारण धोखाधड़ी के मामले भी उजागर हुए हैं। शहरों में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने घरों में सोलर पैनल के माध्यम से ऊर्जा का प्रबंध किया है। बहुत से लोग अक्षय ऊर्जा के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। बैंकों से आसानी से ऋण नहीं मिल पाता है। केन्द्र और राज्य सरकारों के कार्यालयों और अन्य शासकीय तथा अशासकीय संस्थानों में अक्षय ऊर्जा का प्रबंध पूरी तरह नहीं किया गया है। सरकारी कार्यालय, अस्पताल, होटल, शिक्षण संस्थानों का संचालन सौर ऊर्जा से सुनिश्चित किया जा सकता है। विद्युत के लिए प्राकृतिक संपदा का अनियोजित दोहन किया जा रहा है। विश्व के कई देशों में प्राकृतिक संपदा भारत की तुलना में कम होने पर भी अक्षय ऊर्जा संयंत्रों को विकसित करके विद्युत की आपूर्ति की जा रही है और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारत के शहरी क्षेत्र में सौर ऊर्जा की दिशा में काम हुआ है। गांव में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है। बिजली संकट से निपटने के लिए गांवों में सौर ऊर्जा के साथ बायोगैस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। परमाणु ऊर्जा, थर्मल पॉवर, गैस विद्युत प्लांट का उपयोग उद्योगों की बिजली आपूर्ति के लिए किया जाना चाहिए।

# 53वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में पहुंचे महापौर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मंगलवार को हरियाणा के करनाल स्थित प्रतिष्ठित नूर महल में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद के 53वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में महापौर विकास शर्मा ने सहभागिता की। इस राष्ट्रीय स्तर के महत्त्वपूर्ण सम्मेलन में देशभर से 70 से अधिक नगर निगमों के महापौरों ने भाग लेकर अपने-अपने शहरों में हो रहे नवाचारों और विकास कार्यों का साझा अनुभव प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास योजना मंत्री मनोहर लाल ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया पूर्व महापौर एवं कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा,महापौर परिषद अध्यक्ष एवं पूर्व आगरा महापौर नवीन जैन, भोपाल से संगठन महामंत्री उमा शंकर गुप्ता,पंचकूला महापौर कुलभूषण गोयल, बुरहानपुर की महापौर मधुरी अतुल पटेल, हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री से विधायक राजकुमार कश्यप, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा, और करनाल जिलाधिकारी परवीन लाथर जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारत के नगरों के सतत विकास, स्वच्छता मिशन, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और शहरी योजनाओं की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है, और इसके लिए महापौरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने बताया कि निगम द्वारा कूड़े के पहाड़ का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया है।

उन्होंने इस मंच के माध्यम से स्थानीय निकायों को अधिक अधिकार प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विकसित और सक्षम शहरी प्रशासन के लिए आवश्यक है कि नगर निकायों को आर्थिक, प्रशासनिक और विधिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जाए। मार्गदर्शन से हम सभी को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। यह सम्मेलन एक साझा सोच और नीति निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**सम्मेलन**

- **सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात**

### अयारपाटा क्षेत्र में प्राकृतिक झील की सफाई व्यवस्था बनाने की अपील

**नैनीताल।** बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जहां एक ओर लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं वहीं लगातार बारिश से नगर के अयारपाटा क्षेत्र में प्राकृतिक तालाब (नेचुरल पौंड) ने अपना स्वरूप ले लिया है। खास बात यह है कि इस प्राकृतिक झील में जमा पानी से गर्मी के दिनों में वन्य जीव अपनी प्यास बुझाते हैं।

मामले में अयारपाटा क्षेत्र सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि मानसून के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों में जलभराव होता है। वर्षा के बाद क्षेत्र में जंगल के बीच छोटे छोटे कई जलकुंड बन जाते हैं लेकिन दो दिन से हो रही लगातार बारिश से अरविंद आश्रम के पीछे व शेरवुड स्कूल के समीप प्राकृतिक तालाब भर गए हैं जो कई महिनों तक झील में जमा रहेगा। जो जंगल के बीच मौजूद होने के कारण वन्य जीवों की प्यास बुझाएगा। उन्होंने बताया कि इतनी ज्यादा मात्रा में पानी जमा होना खुशी की बात है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से झील के आस पास सफाई व्यवस्था बनाने की अपील की है।

# कार्रवाई: दो ऑटोमैटिक पिस्टल व दो मैगजीन के साथ अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

डीजीपी दीपम सेठ के दिशा निर्देश पर राज्य में गैंगस्टर,अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन अभियान के चलते एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर को विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

एसटीएफ एसएसपी ने एएसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन कर धकपकड़ के लिए दिशा-निर्देश दिये। एसटीएफ कुमाऊँ युनिट ने कोतवाली रुद्रपुर पुलिस के साथ ज्वाइंट आपरेशन में एक अंतराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो ऑटोमैटिक पिस्टल व 2 मैगजीन बरामद की। एसएसपी एसटीएफ ने जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ की गठित टीम ने जनपद ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर से बिशारत अली पुत्र अहमद अली निवासी ग्राम धनसारा थाना बाजपुर को अवैध हथियारों के सप्लायर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 2 ऑटोमैटिक पिस्टल .32 बोर व 2 मैगजीन बरामद हुयी हैं।

पूछताछ में पकड़ा गया तस्कर काफी समय से यूपी से हथियारों की सप्लाई कर रहा था और इससे पूर्व भी कई बार वैपन की सप्लाई कर चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में थाना बाजपुर से हथियारों की फैक्ट्री के साथ पकड़ा जा चुका है। इसी तरह के मामले में उत्तर प्रदेश कनेक्शन सामने आया है। उन्होंने बताया कि जिस पर टीम काम कर रही है। गिरफ्तार अपराधी को जिला ऊधमसिंह नगर के थाना रुद्रपुर में दाखिल कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रविंद्र बिष्ट और कांस्टेबल गुरवंत सिंह की विशेष भूमिका रही।

इस कार्रवाई में उत्तराखंड एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह,एसआई केजी मठपाल,हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,हेड कांस्टेबल रविंद्र बिष्ट,गुरवंत सिंह,मोहित वर्मा के अलावा रुद्रपुर कोतवाली के निरीक्षक मनोज रतूड़ी, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह,एएसआई सन्तोष उप्रेती आदि शामिल रहे।

पूछताछ में तस्कर ने कई ऐसे नाम उगले, एसटीएफ के भी रौंगटे खड़े हो गए । एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार अवैध हथियारों का सप्लायर ने एसटीएफ पूछताछ में कई ऐसे नामों का खुलासा किया, जिससे एसटीएफ टीम के भी रौंगटे खड़े हो गए। सूत्र बताते हैं कि एसटीएफ उन लोगों पर नजर रख रही है। एसटीएफ जल्दी ही एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करेगी।

## फिल्मी दुनिया

# 60 करोड़ की ठगी के आरोपों के बीच शिल्पा शेट्टी का रेस्तरां बंद



*अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा का बांद्रा वाला रेस्तरां अब बंद होने जा रहा है। एक्ट्रेस ने खुद अपने फैंस के साथ जानकारी को साझा किया। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के लिए बीते कुछ दिन काफी परेशानी भरे रहे हैं। हाल ही में आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने दोनों पर 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इस बीच अब शिल्पा ने अपने मशहूर रेस्तरां 'बास्टियन बांद्रा' को बंद करने का ऐलान कर दिया है। 2016 में लॉन्च हुआ यह रेस्तरां मुंबई की नाइटलाइफ का अहम हिस्सा माना जाता था। खासकर सी-फूड के लिए मशहूर 'बास्टियन' सिर्फ खाने का अड्डा नहीं, बल्कि फिल्मी सितारों और बिजनेस जगत की बड़ी हस्तियों की मुलाकातों का केंद्र बन गया था। शिल्पा और रंजीत बिंद्रा की पार्टनरशिप में शुरू हुआ यह रेस्टोरेंट समय के साथ मुंबई का 'हॉटस्पॉट' बन चुका था। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि यह गुरुवार एक युग के अंत जैसा होगा क्योंकि मुंबई का एक आइकॉनिक डेस्टिनेशन अब बंद होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'बास्टियन' ने उन्हें और शहर को अनगिनत यादें दीं। इस मौके पर वह एक खास नाइट आयोजित करेंगी, जिसमें पुराने ग्राहकों के साथ उन पलों को सेलिब्रेट किया जाएगा। हालांकि शिल्पा ने यह भी साफ किया कि यह ब्रांड पूरी तरह खत्म नहीं होगा। उनका कहना है कि 'बास्टियन एट द टॉप' नाम से इसका नया चैप्टर शुरू होगा।*

### शिल्पा और राज का बचाव

*इन आरोपों पर शिल्पा और राज की ओर से वकील प्रशांत पाटिल ने बयान जारी किया था। उन्होंने कहा कि यह एक पुराना लेन-देन है, जिसकी सुनवाई 2024 में एनसीएलटी मुंबई में हो चुकी है। पाटिल के अनुसार, यह पूरा मामला सिविल प्रकृति का है और इसमें किसी तरह की आपराधिकता नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑडिटर्स समय-समय पर सभी दस्तावेज और कैश फ्लो स्टेटमेंट जांच एजेंसियों को सौंप चुके हैं।*

# काठगोदाम से मुंबई चलने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ी

काठगोदाम

हमारे संवाददाता

रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही 09075/09076 मुम्बई सेन्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेन्ट्रल साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार मुम्बई सेन्ट्रल से 31 दिसम्बर, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को तथा काठगोदाम से 01 जनवरी, 2026 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को निम्नवत किया जायेगा। 09075 मुम्बई सेन्ट्रल-काठगोदाम साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 31 दिसम्बर, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेन्ट्रल 11.00 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 11.36 बजे, वापी से 13.24 बजे, वलसाड से 13.47 बजे, सूरत से 14.38 बजे, बड़ोदरा से 16.38 बजे, रतलाम से 20.25 बजे दूसरे दिन कोटा से 00.40 बजे, गंगापुर सिटी से 02.40 बजे, हिण्डौन सिटी से 03.15 बजे, भरतपुर से 05.05 बजे, मथुरा जं. से 07.35 बजे, हाथरस सिटी से 08.07 बजे, कासगंज से 09.10 बजे, बदायूँ से 09.48 बजे, बरेली से 10.50 बजे, बरेली सिटी से 11.05 बजे, इज्जतनगर से 11.25 बजे, बहेड़ी से 12.22 बजे, किच्छा से 12.40 बजे, लालकुआँ से 13.15 बजे तथा हल्द्वानी से 13.50 बजे छूटकर काठगोदाम 14.30 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेन्ट्रल साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 01 जनवरी, 2026 तक से प्रत्येक बृहस्पतिवार को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी से 17.52 बजे, लालकुआँ से 18.33 बजे, किच्छा से 19.09 बजे, बहेड़ी से 19.30 बजे, इज्जतनगर से 20.08 बजे, बरेली सिटी से 20.23 बजे, बरेली से 20.47 बजे, बदायूँ से 21.31 बजे, कासगंज से 22.40 बजे, हाथरस सिटी से 23.50 बजे, दूसरे दिन मथुरा जं. से 01.15 बजे, भरतपुर से 03.10 बजे, हिण्डौन सिटी से 04.05 बजे, गंगापुर सिटी से 04.45 बजे, कोटा से 06.35 बजे, रतलाम से 10.40 बजे, बड़ोदरा से 14.45 बजे, सूरत से 16.45 बजे, वलसाड से 17.52 बजे, वापी से 18.10 बजे तथा बोरीवली से 20.10 बजे छूटकर मुम्बई सेन्ट्रल 20.55 बजे पहुँचेगी।

## News कॉर्नर

### पुलिस ने वांटेड को गिरफ्तार किया, लंबे समय से कोर्ट में तारीख पर नहीं जा रहा

**रुद्रपुर।** जनपद में वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस रुद्रपुर ने एक वांटेड को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक जनपद में चलाए जा रहे वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत रुद्रपुर कोतवाली की चौकी आदर्श कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी होशियार सिंह के नेतृत्व में पुलिस मंगलवार को वांटेड को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वांटेड इंदिरा कालोनी गली नंबर चार रुद्रपुर निवासी प्रिंस अरोरा अरोरा है। चौकी प्रभारी के मुताबिक उसके खिलाफ 452, 323, 504, 506 का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। वह कोर्ट में तारीख पर पेश नहीं हो रहा था। इस पर कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि जनपद में वारंटियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है।

### नदी में तैरता मिला अज्ञात शव, पुलिस ने शव निकाल मोर्चरी भिजवाया

**रुद्रपुर।** किच्छा रोड कल्याणी नदी में एक अज्ञात शव तैरता देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव नदी से बाहर निकाल मोर्चरी भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। बुधवार सुबह को लोगों ने नदी में शव तैरता देखा। नदी किनारे लोगों की भीड़ देख हिंदूवादी संगठन के नेता विट्ठू शर्मा पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना चौकी रम्पुरा पुलिस को दी। मौके पर चौकी से पुलिस कर्मी पहुंचे। पुलिस ने नदी से शव निकाला और मोर्चरी भिजवा दिया। चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कोहली ने बताया कि शव कहीं से बह कर आया है। पुलिस आस पास के थाना पुलिस से संपर्क कर रही है। कहीं गुमशुदगी तो दर्ज नहीं है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और एडीएम ने जल भराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया

खटीमा

हमारे संवाददाता



मानसून सीजन के दृष्टिगत मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, एडीएम पंकज उपाध्याय ने खटीमा क्षेत्र के विभिन्न जल भराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मेलघाट में जगबूढ़ा नदी, वार्ड संख्या-19 पकड़िया में मुकरान नाला, राजीव नगर स्थित खखरा नाला तथा खेतलसंडा खाम का जायज़ा लिया। एडीएम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खेतलसंडा खाम में राहत शिविर का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित लोगों से बात कर तहसील प्रशासन द्वारा दिए जा रहे भोजन, पानी आदि के बारे मे जानकारी ली। राहत शिविर में रह रहे लोगों ने बताया कि भोजन, पानी सब ठीक मिल रहा है। एडीएम ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि जबतक पानी कम नहीं होता तब तक अभी लोगों को भोजन-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कहा कि शिविर में छोटे बच्चों के लिए दूध एवं पौष्टिक आहार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इसके उपरांत एडीएम ने उप जिला चिकित्सालय खटीमा में हुए जलभराव का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर की आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण कराने, तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत किए जाने हेतु प्लान बनाकर कार्य कराया जाए , ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने खटीमा के निर्माणाधीन बस अड्डे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता किए बिना आगामी 15 दिनों के भीतर कार्य को पूर्ण किया जाए। एडीएम ने कहा कि मानसून काल में जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहते हुए त्वरित कार्रवाई करने और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सदस्य सूरज धामी, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी,तहसीलदार आदि मौजूद थे।

# गौलापार के एक रेस्टोरेंट में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गौलापार के एक रेस्टोरेंट में दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है घायल युवक के पिता ने काठगोदाम थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर दबाएंगे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जानकारी के अनुसार बद्रीपुर काठगोदाम निवासी सलामत हुसैन ने कहा है कि उसका पुत्र यासीन टैक्सी / स्कूटी का काम करता है। पीड़ित का पुत्र रात्रि में दिल्ली से काठगोदाम आने वाली संपर्कक्रांति ट्रेन की सवारी का इंतजार कर रहा था, ट्रेन के आने में देरी थी जिस कारण वह दिनांक 07.अगस्त को रात्रि लगभग 11 बजे गौलापार जाने वाली रोड बद्रीपुरा के पास कंयूम रेस्टोरेन्ट में चाय पीने के लिए चला गया। वहां पर पहले से कुछ लोग बैठे हुए थे जिसमें कुछ स्थानीय लोग तथा कुछ हल्द्वानी के लड़के बैठे हुए थे। जिनमें से कुछ लोगों को मैं पहले से जानता था, उसमें सुहैल खान, आरिश भी थे। उक्त लोग प्रार्थी तथा साथ में बैठे अहरार पर माचिस की तिल्ली जलाकर फेंक रहे थे प्रार्थी, अहरार तथा स्थानीय लोगों द्वारा उसका विरोध करते हुए कहा गया की आप इस प्रकार की हरकत ना करें बैठे लोग जल जाऐंगे, उक्त बात से नाराज होकर सुहैल खान व आरिश तथा उसके अन्य बैठे लड़के प्रार्थी के साथ मां बहन की गाली देते हुए मारपीट करने लगे जिसमें प्रार्थी के पुत्र, शारीक समीर तथा अयान को काफी चोटें आयी लोगों के समझाने पर सुहैल खान आरिश तथा उसक साथी वहां से चले गये दिनाक-09.अगस्त को प्रार्थी समीर तथा अयान सायं 07 बजे हल्द्वानी काम से जा रहे थे तभी के0एफ0सी0 के पास जो कि एक हास्पिटल के सामने है वहां पर सुहेल खान, आरिश तथा उसके साथ आये तीन चार लोगों द्वारा प्रार्थी का पुत्र यासीन, सारीक, समीर तथा अयान के साथ मां बहन की गाली देते हुए मारपीट करने लगे उन लोगों के हाथों में धारदार हथियार थे उनसे तथा बेल्टों से मारपीट कर रहे थे जिससे मेरे पुत्र व उसके साथी लड़कों के शरीर मे काफी गम्भीर चोंटे आयी प्रार्थी के पुत्र व उसके साथी दोस्तों ने जैसे तैसे अपनी जान बचाकर भागे उक्त लोग हमारे भागते समय भी हमें जान से मारने की धमकी की आज इन लोगों को खत्म कर देते है इन लोगों के दिमाग ज्यादा खराब हो गये है।

प्रार्थी के पुत्र तथा उसके साथी दोस्त उक्त घटना में आई चोटो का मेडिकल हेतु सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल गये किन्तु अस्पताल में सुहेल खान व आरिश के काफी लोग इक्टठा थे जिस कारण प्रार्थी का पुत्र तथा उसके साथी दोस्त वापस घर आ गये दिनाक 09 अगस्त को हुई मारपीट का चिकित्सीय परिक्षण 10. को बेस अस्पताल हल्द्वानी में कराया गया उक्त घटना के बाद प्रार्थी के पुत्र व उसके साथी दोस्त उपरोक्त लोगों से काफी भयभीत है उपरोक्त लोग कभी भी प्रार्थी के पुत्र व साथी दोस्तों के साथ कभी भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते है प्रार्थी व उसके साथी दोस्तों को उपरोक्त लोगों से जान व माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने को व्यापक तैयारियां की

नैनीताल

हमारे संवाददाता



मां नंदा देवी महोत्सव के तहत नगर पालिका परिषद की ओर से महोत्सव को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने हेतु पालिका प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

बता दें पालिका के मुखय सफाई निरीक्षक सुनित कुमार एवं सैनिटरी इंस्पेक्टर कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में पालिका की टीम और पर्यावरण मित्रों ने मेला ग्राउंड व पंडाल क्षेत्र में दुकानदारों से संपर्क कर उन्हें डोर टू डोर जाकर जागरूक किया कि वे दुकान के आगे या मैदान में कूड़ा न फेंके। पर्यावरण मित्रों की टीम न केवल दुकानों से कूड़ा नियमित रूप से एकत्र कर रही है बल्कि यह सुनिश्चित भी कर रही है कि कूड़ा यत्र-तत्र न फैले। इसके अतिरिक्त तीन पर्यावरण पर्यवेक्षक कमल सिलेलान, दिनेश एवं राम सिंह सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहे हैं। नगर पालिका की इस प्रयास को आम जनता, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं द्वारा खूब सराहा जा रहा है। खास बात यह है कि नगर में बीते दो दिनों से तेज बारिश हो रही है वावजूद इसकी परवाह किए बैगर पालिका के पर्यावरण मित्र अपनी जिमेदारियों का बखूवी निर्वह कर रहे हैं।

# 'राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाए आशा वर्कर्स को दोषी ठहरा रही'

नैनीताल

हमारे संवाददाता



एक तो आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा कुछ भी नहीं मिलता वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार की ओर से उनके काम के बोझ को लगातार बढ़ाया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में सरकार डाक्टर जांच की सुविधा नहीं दे रही है दूसरी ओर डिलीवरी के लिए गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में भर्ती कराने वाली आशा कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने का आदेश जारी किया जा रहा है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाए आशा वर्कर्स को दोषी ठहरा रही है।

यह बात ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कही। उन्होंने कहा है कि उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाओं का विभाग में कोई भी सम्मान नहीं है और न ही वेतन। आशाएं विभाग के सभी अभियानों और सर्वे में विना किसी न्यूनतम वेतन और कर्मचारी के दर्जे के लगा दी गई हैं। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु की सेवा से शुरू करते हुए आज आशा वर्कर्स को सारे काम करने पड़ रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार आशाओं को न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। आशाओं को उनके काम के अनुरूप पैसा मिलना तो दूर वादा किया गया पैसा भी नहीं मिल रहा है। आशाओं की लगातार ट्रेनिंग चलती रहती हैं लेकिन ट्रेनिंग में दिया जाने वाला पैसा इतना भी नहीं होता कि दूर दराज से आने वाली आशाएं अपना किराया भाड़ा भी दे सकें। आशाओं को मिलने वाला विभिन्न मदों का प्रति माह मिलने वाला पैसा 6-6 माह तक नहीं मिल रहा है जिसके कारण आशाएं बहुत दिक्कतों का सामना कर रही हैं। इस सबके साथ साथ अस्पताल स्टाफ का व्यवहार आशाओं के प्रति आम तौर पर बेहद अपमानजनक होता है, साथ ही आशाओं को हर जगह प्रताड़ित होना पड़ता है। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने मांग की कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डाकटरों की तत्काल नियुक्ति की जाय, गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड व सभी जांचों की व्यवस्था की जाए तथा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए जरूरी दवाइयों व विटामिन की भारी कमी को दूर किया जाए।

### डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का त्रिमासिक निरीक्षण किया

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मंगलवार को ईवीएम वेयर हाउस का त्रिमासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए सीसी टीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रो को भी देखा। उन्होंने वेयर हाउस व परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश सहायक निर्वाचन अधिकारी को दिये।

# पुलिस के शिकंजे में फंसे फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों में चार दबंग

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान गिल रिजॉर्ट के पास से फायरिंग कांड से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के पास से तीन तमंचे और एक पोनिया सहित जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कोहली पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे । तभी मुखबिर से सूचना मिली कि रम्पुरा में फायरिंग करने वाले युवक भागने की फिराक में गिल रिजॉर्ट के पास खड़े हैं।

सूचना पर पुलिस ने वहां चारों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम शिवम चंद्रा उर्फ पांडा ,विवेक गुप्ता उर्फ वांटेड, अरुण गुप्ता और अनिकेत गुप्ता उर्फ ओमु बताया। पुलिस के मुताबिक तलाशी में आरोपियों से 315 बोर के 3 तमंचे, एक पोनिया,1 जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रम्पुरा इलाके में प्रतिद्वंद्वी युवकों को डराने के लिए फायरिंग की थी। उनकी वीडियो वायरल होने के बाद वह रामपुर भागने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है। बरामद असलहे सील कर थाने में जमा कराए गए हैं। सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा एसआई प्रियांशु जोशी,महेश राम,महेंद्र कुमार,पूरन राम आदि शामिल रहे।

# ढोल बैंड बाजे के साथ निकली भगवान गणपति की विशाल विसर्जन शोभा यात्रा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



वैश्य महासभा हल्द्वानी के तत्वाधान में आयोजित 22 वें श्री गणेश महोत्सव 2025 के सप्तम दिवस श्री रामलीला मैदान में प्रातः कालीन बेला में भगवान श्री गणेश जी की संपूर्ण विधि -विधान से पूजा -अर्चना, यज्ञ एवं परायण पंडित श्री विवेक शर्मा एवं गिरिश कांडपाल के द्वारा कराई गई तथा मुख्य यजमान के रूप में बद्री प्रसाद गुप्ता, दिनेश गुप्ता सपरिवार उपस्थित थे। वहीं सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ने श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना में भाग लिया। पूजा अर्चना के दौरान पूरा पंडाल भक्ति में हो गया और सभी श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया उद्घोष कर रहे थे। गणेश महोत्सव के अंतिम दिन बृहद यज्ञ परायण का आयोजन किया गया तत्पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसकी व्यवस्था मुख्य रूप से वसन्त अग्रवाल ओर हीरा लाल साहू ने देखी, भक्त जनों ने भगवान गणपति का प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात एक विशाल विसर्जन शोभा यात्रा का आयोजन हुआ शोभा यात्रा में सर्वप्रथम सबसे आगे गणेश महोत्सव के प्रणेता लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा थी उसके पश्चात वैश्य महिला समिति की टोली गणपति के भजनों पर नृत्य करते हुए भगवान गणपति के जयकारा लगाते हुए चल रही थी उसके बाद भगवान गणपति का छोटा डोला जो की विभिन्न फूलों से सजा हुआ था चल रहा था इसके पश्चात युवा वैश्य महासभा के सैकड़ों सदस्य भगवान गणपति के जयकारा लगाते हुए गले में पटका डाले हुए आगे बढ़ रहे थे। इसके पश्चात भगवान श्री गणपति का विशाल डोला चल रहा था जो फूलों से सजा हुआ था। जिसके पीछे सैकड़ो की संख्या में नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके पश्चात एक एक डोले में भगवान गणपति का महाप्रसाद वितरित किया जा रहा था जिसे पाकर भक्तगण अपने आप को धन्य महसूस कर रहे थे। डोला नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए विसर्जन के लिए रानी बाग पहुंचा । नगर में व्यवसायी बन्धुओं के द्वारा भगवान गणपति की आरती की गई तथा जगह-जगह स्वागतद्वार बनाये गये और प्रसाद वितरित किया गया । रानी बाग मेंविसर्जन करते समय सभी भक्तों की आंखों में आंसू थे और जयकारा लगा रहे थे कि गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ। रानी बाग पर नगर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया और वह वैश्य महासभा के द्वारा महाप्रसाद वितरित किया।